प्रभात खबर

मनातू बाजार क्षेत्र से नकली शराब बरामद, एक गिरफ्तार

मेदिनीनगर. उत्पाद विभाग ने रविवार को मनातू थाना के बाजार क्षेत्र में अवैध शराब को लेकर मनीष कुमार व पवन कुमार के घर में छापेमारी की. इस दौरान 45.510 लीटर इंपीरियल ब्लू व्हिस्की व बी सेवन ब्रांड के नकली अंग्रेजी शराब सहित कई खाली बोतल बरामद किया गया है. अवैध शराब के मामले में पवन कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है.जबकि मनीष कुमार व प्रिंस कुमार भागने में सफल रहे. दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है. उत्पाद अधीक्षक संजीत कुमार देव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की नये वर्ष के मौके पर इंपीरियल ब्लू व्हिस्की व बी सेवन ब्रांड का नकली अंग्रेजी शराब बनाकर बेची जा रही है. उन्होंने कहा कि इसके बाद टीम गठित कर छापेमारी की गयी.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/palamu/fake-liquor-recovered-from-manatu-market-area